दिन–गुरूवार दिनांक– 22 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज सिवान जिले में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। श्री कुमार ने मैरवा स्थित निर्माणाधीन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही मेडिकल कॉलेज परिसर में जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सीएचसी मैरवा, एएनएम कॉलेज मैरवा, निर्माणाधीन सिवान–मैरवा पथ और राजेंद्र स्टेडियम के पास जल जीवन हरियाली पार्क का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने राजेंद्र स्टेडियम में अयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों से जनसंवाद किया।

राज्य के सभी प्राथमिक सरकारी स्कूलों में एकतीस जनवरी को शिक्षक और अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियो को निर्देशित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों को पूरी तरह सक्रिय करना आवश्यक है। पीटीएम के दौरान शिक्षक, अभिभावकों को मोबाइल और सोशल मीडिया के लत से बच्चों को दूर रखने, उनके व्यवहार कुशलता और उनके मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

बोधगया में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव शुरू हो गया है। कालचक्र मैदान में आयोजित यह महोत्सव चौबीस जनवरी तक चलेगा। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान बुद्ध की शिक्षाओं–शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को प्रसारित करना है। इस वर्ष महोत्सव में सात देशों के कलाकार अपनी पारंपरिक नृत्य और

संगीत की प्रस्तुति देंगे। इनमें जापान, लाओस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, वियतनाम और थाईलैंड के कलाकार शामिल है।

———————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव कम होने से राज्य के विभिन्न भागों में ठंढ में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, छब्बीस जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————————————

सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बडरम गांव में पटाखा बम बनाने के दौरान विस्फोट की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये। धमाके की आवाज से आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपात के इलाकों के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————————

वसंत पंचमी का त्योहार कल प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना की जाती है। इसे लेकर विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और सांस्कृतिक समूहों ने विशेष तैयारी की है। विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गए है। बाजार में पूजा सामग्री, सजावटी समान और फल–फूल की ,खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमर रही है। इधर, पूजा को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

———————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना के सगुना मोर स्थित सीएससी के रिजनल सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टॉल फ्री नंबर को लेकर जनता की शिकायतों को लेकर जांच की।

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया के जीएमसीएच परिसर में जूनियर डाक्टरों और मरीज के परिजनों के बीच मारपीट की घटना में कई लोग घायल हो गये है। दोनों ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है।

पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है। इस दौरान कुख्यात अपराधी परमानंद यादव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया है। उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

समाप्त